कार्यालयः सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्, रामनगर (नैनीताल)।

पत्रांकः उ0वि0शि0प0/सि0से0/निविदा संख्या–001/ 708 /2023–24 दिनांकः– 21 जून, 2023

ई-निविदा सूचना

उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद, रामनगर (नैनीताल) द्वारा सत्र 2023–24 के कक्षा 9 एवं 11 के छात्र–छात्राओं के अग्रिम पंजीकरण हेतु ऑनलाइन प्रविधि से डाटा संग्रहण (संकलन) कार्य एवं हाईस्कूल–इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2025 का कार्य एवं अन्य विविध कार्य हेतु ई–निविदा उत्तराखण्ड निविदा की वेबसाइट www.uktenders.gov.in के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं:–

क्रमांक	कार्य विवरण	निविदा प्रपत्र का मूल्य	अर्नेष्टमनी
1	सत्र 2023–24 के कक्षा 9 एवं 11 के छात्र–छात्राओं के अग्रिम पंजीकरण हेतु ऑनलाइन प्रविधि से डाटा संग्रहण (संकलन) कार्य एवं हाईस्कूल–इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2025 का आनलाईन कार्य एवं अन्य विविध कार्य।	रु0 236=00 (कुल रु0 दो सौ छत्तीस) G.S.T. सहित	रुपया 100000=00 (एक लाख रूपये मात्र)

(A) वेबसाइट पर निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि व समय — दिनांक 05 जुलाई, 2023 अपराह्न 05:00 बजे

(B) तकनीकी एवं वित्तीय भाग की हार्डकापी एवं नमूनों को जमा करने की तिथि व समय — दिनांक 07 जुलाई, 2023 पूर्वाह्न 10:45 बजे

(C) निविदा के तकनीकी भाग खुलने की तिथि व समय — दिनांक 07 जुलाई, 2023 पूर्वाह्न 11:00 बजे

(D) निविदा के वित्तीय भाग खुलने की तिथि — दिनांक 07 जुलाई, 2023 पूर्वाह्न 11:00 बजे तकनीकी भाग का कार्य पूर्ण होने के पश्चात्।

निविदा की प्रमुख शर्ते :-

क – उक्त हेतु निविदाएं उत्तराखण्ड एवं उत्तर प्रदेश से बाहर के राज्यों से प्राप्त की जायेगी।

ख – केवल वही फर्म निविदा में प्रतिभाग कर सकती है जिन्हें किसी भी मान्यता प्राप्त शिक्षा बोर्ड की परीक्षाओं के परीक्षाफल निर्माण सम्बन्धी कम से कम 05 लाख परीक्षार्थियों का डाटा प्रोसेसिंग का कार्य करने का न्यूनतम तीन (03) वर्ष का अनुभव प्राप्त हो तथा इन फर्मों को ब्लैक लिस्टेड न किया गया हो। यह कार्य केवल उत्तराखण्ड एवं उत्तर प्रदेश से बाहर स्थित फर्मों को ही आवंटित किया जायेगा।

ग – वेबसाइट पर अपलोड की गई निविदा की हूबहू प्रतिलिपि पारम्परिक रूप में पृथक से हार्ड कापी भी सीलबन्द लिफाफे में आमंत्रित की जाती है। जो फर्म www.uktenders.gov.in पर अपनी निविदाएं अपलोड नहीं करेंगी उनकी हार्ड कापी पर प्रस्तुत निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। इसी प्रकार जो फर्म निर्धारित समयान्तर्गत निविदा की हार्ड कॉपी उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर नैनीताल में जमा नहीं करेगी उसकी वेबसाइट पर अपलोड निविदा स्वीकार नही की जायेगी।

घ – फर्म को E.S.I.C.(Employee State Insurance Corporation)/P.F.(Provident Fund) से पंजीकृत होना आवश्यक है।

ङ – निविदा के साथ अर्नेस्ट–मनी क्रास्ड बैंक ड्राफ्ट/F.D.R. के रूप में सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद रामनगर, नैनीताल के पदनाम से बंधक बनाकर प्रस्तुत करनी होगी।

च– निविदा की समस्त शर्तों को पूर्ण करने वाली M.S.M.E./N.S.I.C./S.S.I./D.I.C. से पंजीकृत होना अनिवार्य है। M.S.M.E./I.S.O. में पंजीकृत फर्मों को कार्यावंटन में वरीयता दी जायेगी।

छ– **निविदा प्रपत्र की धनराशि बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से ली जायेगी। बैंक ड्राफ्ट सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर, नैनीताल के पदनाम से, जो कि भारतीय स्टेट बैंक रामनगर, शाखा कोड 000701 (जनपद नैनीताल) में देय हो जमा करना अनिवार्य है।**

ज– तकनीकी भाग के साथ निर्धारित निविदा शुल्क की धनराशि का बैंक ड्राफ्ट क्रमांक (छ) के अनुसार भारतीय स्टेट बैंक रामनगर (नैनीताल) शाखा कोड 000701 में देय हो, संलग्न करना होगा।

झ– नियत तिथि को राजकीय अवकाश घोषित होने की दशा में निविदा अगले कार्य दिवस को खोली जायेगी।

ञ– जिन फर्मों के तकनीकी भाग की निविदाएं स्वीकृत होंगी उन्हीं फर्मों की नियमानुसार वित्तीय भाग की निविदाएं खोली जायेंगी।

ट परिषद् के सचिव को बिना कारण बताये एक अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा।

ठ – अन्य नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र पर अंकित हैं।

सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्,
रामनगर (नैनीताल)